कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : पीए/मुवसं–एफ.पी./प्रमुवसं/2017/ 20-21 दिनांक : 14-8-17

निमित्त,

मुख्य वन संरक्षक, उदयपुर/वन्यजीव, कोटा

विषय : माननीय राज्यमंत्री, गोपालन की अध्यक्षता में दिनांक 17.8.2017 को नीमच (मध्यप्रदेश) में आयोजित बैठक के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि दिनांक 17.8.2017 को माननीय राज्यमंत्री, गोपालन, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में पशुपालकों के सामने आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु नीमच (मध्यप्रदेश) में एक मीटिंग आयोजित की गई है। इस हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतः मध्यप्रदेश के निकटवर्ती जिलों में प्रवेश करते समय फोरेस्ट जानकारी न होने के कारण पशुपालकों को आ रही कठिनाई के निराकरण हेतु उप वन संरक्षक, चित्तौडगढ, प्रतापगढ, वन्यजीव कोटा एवं मुकन्दरा राष्ट्रीय उद्यान, कोटा को बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का श्रम करावें।

संलग्न : उक्तानुसार

भवदीय

(के०सी०मीना)
मुख्य वन संरक्षक,
वन सुरक्षा, जयपुर

क्रमांक : पीए/मुवसं–एफ.पी./प्रमुवसं/2017/ 22-25 दिनांक : 14-8-17

प्रतिलिपि उप वन संरक्षक, चित्तौडगढ/प्रतापगढ/वन्यजीव, कोटा/मुकुन्दरा राष्ट्रीय उद्यान, कोटा को सूचनार्थ एवं बैठक में उपस्थित होने हेतु प्रेषित है।

(के०सी०मीना)
मुख्य वन संरक्षक,
वन सुरक्षा, जयपुर

राजस्थान सरकार

कार्यालय मंत्री– वन, पर्यावरण, युवा मामले एवं खेल विभाग

e-1583881
11/8/17

श्री गजेन्द्र सिंह, माननीय मंत्री महोदय, वन एवं पर्यावरण विभाग, राज. सरकार को श्री ओटाराम देवासी, माननीय राज्यमंत्री, गोपालन विभाग द्वारा प्राप्त पत्र मूल ही संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

Urgent, ... Seen ...

श्री ओटाराम देवासी, माननीय मंत्री महोदय के सानिध्य में दिनांक 17.08.2017 को नीमच (मध्यप्रदेश) में सम्बन्धित विभागीय / स्थानीय अधिकारियों तथा पशुपालकों के साथ पशुओं की समस्याओं के लेकर बैठक प्रस्तावित है। उक्त बैठक में प्रदेश की ओर से अपना वक्तव्य रखने हेतु वन विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

11-8-17

निर्देशानुसार निवेदन है कि इस सम्बन्ध में मूल पत्र का अवलोकन कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

सलंग्नः–उपरोक्तनुसार

11.8.17

(महेन्द्र प्रताप सिंह)
R.A.S.
निजी सचिव
मा. मंत्री, वन एवं पर्यावरण

अतिरिक्त मुख्य सचिव,
वन विभाग,
शासन सचिवालय,
जयपुर।

अ.शा.टी.क्रमांकः नि.स. / मंत्री / 2017 / 620
जयपुर, दिनांक 11-8-2017

ओटाराम देवासी

राज्यमंत्री,

गोपालन विभाग

राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

कार्यालय : 6005–6, मंत्रालय भवन,

शासन सचिवालय,

राजस्थान सरकार, जयपुर

फोन : 0141–2227680, 94141–25095

ईमेलः devasi.otaram@gmail.com

~~अ०शा० क्रमांक राम./गोपालन/2017~~ /535

जयपुर, दिनांक :- 9/8/2017

विषय :- बैठक आयोजित किये जाने बाबत् ।

आदरणीय श्री खींवसर जी,

निवेदन है कि राजस्थान से मध्यप्रदेश में पशुओं को लेकर प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में प्रदेश के पशुपालक मध्यप्रदेश में माईग्रेशन करते है । पशुपालकों के सामने उक्त दौरान आ रही समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिनांक 17.08.2017 को नीमच (म0प्र0) में संबंधित विभागीय/स्थानीय अधिकारियों के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा एक बैठक रखा जाना प्रस्तावित है जिसका एजेण्डा निम्नानुसार है :-

5. मुख्यतः राजस्थान के दक्षिणी–पूर्वी जिलों से सटे पशुपालकों द्वारा मध्यप्रदेश के निकटवर्ती जिलों में प्रवेश करते समय फोरेस्ट लेन्ड में एन्ट्री की जानकारी न होने के कारण पशुपालकों को आ रही कठिनाई के निराकरण बाबत् ।
6. स्थानीय प्रशासन द्वारा सहयोग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा टास्क फोर्स बनाकर सुरक्षा मुहैया करवाना ।
7. वन विभाग की सकारात्मक भूमिका ।
8. पशुचारण की दरों को न्यूनतम रखने के संबंध में ।

इस सम्बन्ध में पूर्व में मुख्यमंत्री महोदया राजस्थान सरकार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को लिखे गये पत्रों की प्रति भी संलग्न है । उक्त सम्बन्ध में आपसे निवेदन है कि प्रदेश की ओर से अपना वक्तव्य रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारीओं को उपस्थित रहने के निर्देश प्रदान कर अनुगृहीत करावे।

ओटाराम

(ओटाराम देवासी)

श्रीमान् गजेन्द्रसिंह जी खींवसर
माननीय मंत्री महोदय
वन एवं पर्यावरण विभाग
राजस्थान सरकार